DPV Health®

Your Healthcare
Your Way

हिंदी

# DPV Health में आपका स्वागत है



**अभिस्वीकृति कथन:** DPV Health इस भूमि के पारंपरिक संरक्षकों के प्रति अभिस्वीकृति व्यक्त करता है, जहाँ हमारे स्थल और सेवाएँ स्थित हैं। हम अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं और सभी आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति को विस्तारित करते हैं। हम स्टोलन जेनरेशन्स के आघात तथा आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के ऊपर उपनिवेशीकरण के प्रभावों को स्वीकार करते हैं। हम आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदायों की अनुकूलनशीलता, साहस और गर्व को भी पहचान देते हैं।

**विविधता कथन:** DPV Health एक समावेशी संगठन है, जो हमारे समुदायों में सभी लोगों की विविधता का उत्सव मनाता है। हम लोगों को खुशहाल और स्वस्थ जिंदगी जी पाने में सक्षम बनाने के बारे में भावुक हैं। हम आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी, विकलांगता, स्त्री-समलैंगिक, पुरुष-समलैंगिक, उभयलिंगी, पारलिंगी, अंतरलिंगी व क्वियर/प्रश्नकर्ता (एलजीबीटीआईक्यू) और नवागंतुक समुदायों के साथ काम करने के प्रति समर्पित हैं।

**बाल सुरक्षा कथन:** DPV Health बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान है। हम बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। बोर्ड, हमारे कर्मी और हमारे स्वयंसेवक हर स्थिति में बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे, क्योंकि हम चाहते हैं कि बच्चे सुरक्षित, खुशहाल और सशक्त बनें। हम आदिवासी बच्चों, सांस्कृतिक और/या भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों के बच्चों की सांस्कृतिक सुरक्षा के लिए, और विकलांगता-ग्रस्त बच्चों के लिए सुरक्षित परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

REFUGEE

# हमारे सीईओ की ओर से संदेश


## DPV Health में आपका स्वागत है।

आपका स्वास्थ्य और कल्याण हर समय, प्रत्येक व्यक्ति के लिए **उत्कृष्ट देखभाल** के नियोजन, वितरण और अनुभव के हमारे लक्ष्य के केंद्र में स्थित है।

DPV Health में हम स्वागतमय, समावेशी और असाधारण सेवा अनुभव के माध्यम से अपने सभी सेवार्थियों को ऊँची गुणवत्ता की व्यक्ति-केंद्रित देखभाल प्रदान करने में विश्वास करते हैं।

आपकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप अनेकानेक स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों का अनुकूलनीय वितरण आपको विकल्प तथा नियंत्रण उपलब्ध कराता है। आपकी स्वास्थ्य देखभाल यात्रा को हमारी उच्च प्रशिक्षण-प्राप्त और अनुभवी टीम की ओर से समर्थन प्राप्त है, जो दोस्ताना, पेशेवर और प्रमाणों पर आधारित देखभाल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमें उम्मीद है कि DPV Health के साथ आपका अनुभव आपकी अपेक्षाओं से भी परे होगा।



**डॉन टिडबरी**
सीईओ, DPV Health



# हमेशा पहुंच के अंदर

हम मेल्बर्न के उत्तर में बढ़ते हुए समुदायों को समर्थन देते हैं। हमारे स्थल आपकी आवश्यकताओं और क्षमताओं के अनुकूल आपको समर्थन और सेवाओं की आसान पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

सभी DPV Health स्थलों पर नि:शुल्क ऑनसाइट पार्किंग उपलब्ध है और वहाँ जनपरिवहन के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।




हमारे स्थलों और पतों के बारे में जानकारी यहाँ देखें
**dpvhealth.org.au/contact-us/locations/**

DPV Health
**आपकी स्वास्थ्य देखभाल, आपके तरीके से**

DPV Health®

विक्टोरिया के सबसे बड़े स्वतंत्र गैर-लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य संगठनों में से एक संगठन के रूप में DPV Health अनेकानेक स्वास्थ्य और कल्याण सेवाएँ उपलब्ध कराता है, जिसमें सबसे अधिक आवश्यकताओं वाले लोगों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

# हमारा उद्देश्य

समावेशी, स्थानीय रूप से आधारित स्वास्थ्य तथा कल्याण सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से आपको खुशहाल और स्वस्थ जीवन जीने के लिए समर्थन देना।





# अपना एपॉइंटमेंट बुक करें

## 1300 234 263

आपकी सभी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के लिए बस एक ही नंबर

**चिकित्सीय सेवाओं** के लिए 1 दबाएँ

**अन्य सभी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं** के लिए 4 दबाएँ

**डेंटल सेवाओं** के लिए 2 दबाएँ

**प्रशासन और भागीदारी पूछताछ** के लिए 5 दबाएँ

**NDIS सेवाओं** के लिए 3 दबाएँ

---

# आपकी आवश्यकतानुसार एपॉइंटमेंट्स

### आमने-सामने के एपॉइंटमेंट्स

### फोन या वीडियो के माध्यम से टेलीहेल्थ सेवा

**DPV Health Telehealth** सुरक्षित, सुविधाजनक है और आप कहीं से भी अपने एपॉइंटमेंट में शामिल हो सकते/ती हैं। अपने एपॉइंटमेंट के समय पर अपने डॉक्टर, संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर या नर्स से सीधे कनेक्ट करने के लिए अपने फोन, टैबलेट या कंप्यूटर का उपयोग करें। एपॉइंटमेंट बुक करते समय आप हमारी टीम के साथ टेलीहेल्थ विकल्प के बारे में बात कर सकते/ती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए **dpvhealth.org.au/telehealth** पर जाएँ।

DPV Health
**आपकी स्वास्थ्य देखभाल, आपके तरीके से**



# DPV Health **नि:शुल्क दुभाषिया सेवाएँ** उपलब्ध कराता है।

आप अरबी, तुर्की, इतालवी, मैसेडोनियन, पंजाबी, हिंदी और चीनी सहित 180 से भी अधिक अलग-अलग भाषाओं में दुभाषिए एक्सेस कर सकते/ती हैं। हम ऑस्लान के दुभाषिए भी सुलभ कराते हैं।

आप इन माध्यमों से दुभाषिया सेवाएँ एक्सेस कर सकते/ती हैं:

**ऑनसाइट**
सभी DPV Health स्थलों पर आमने-सामने के एपॉइंटमेंट्स के लिए

**टेलीफोन या वीडियो**
टेलीहेल्थ एपॉइंटमेंट्स के लिए

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया एपॉइंटमेंट लेते समय हमारी टीम को बताएँ।

---

## शुल्क नीति

हमारी कुछ सेवाओं के लिए शुल्क लागू होते हैं और ये निधीकरण के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। एक गैर-लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा संगठन के रूप में, सभी शुल्क समुदाय के लिए सेवाओं को बेहतर और विस्तारित करने वाले संसाधनों व कार्यक्रमों में योगदान देते हैं।

आपके द्वारा भुगतान किया जाने वाला शुल्क आपकी घरेलू आय और व्यक्तिगत परिस्थितियों पर, तथा आपके पास हेल्थकेयर कार्ड की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। कुछ सेवाएँ प्राप्त करने के लिए आपको एक छोटा सा सह-भुगतान करने की आवश्यकता हो सकती है। हमारी कुछ विकलांगता और समुदाय आधारित सेवाओं के लिए अतिरिक्त आउट-ऑफ-पॉकेट शुल्क लागू हो सकता है। जब आप एपॉइंटमेंट लेते/ती हैं, तो हम किसी भी शुल्क के बारे में आपके साथ बात करेंगे।

हमारी फीस **dpvhealth.org.au** पर देखें या **1300 234 263** पर कॉल करें।

# आपके स्वास्थ्य और कल्याण में समर्थन के लिए सेवाएँ

DPV Health में आपकी स्वास्थ्य यात्रा को नैदानिक सहायता और सामुदायिक सेवाएँ प्रदान करने वाली एक पेशेवर टीम द्वारा समर्थन दिया जाता है। इन सेवाओं का ध्यान उपचार, रोग और शारीरिक नुकसान की रोकथाम, अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहन और लंबे समय तक चलने वाले रोग के प्रबंधन में समर्थन पर केंद्रित है।

- चिकित्सा सेवाएँ
- डेंटल सेवाएँ
- मानसिक स्वास्थ्य
- शारीरिक स्वास्थ्य
- NDIS और विकलांगता
- 65+ स्वास्थ्य
- बच्चे और युवा
- सामुदायिक समर्थन



## आपकी चिकित्सा सेवाएँ
## परिवार के लिए अनुकूलशील देखभाल

आप Broadmeadows और Mill Park में हमारे आधुनिक तथा अच्छी तरह से सुसज्जित चिकित्सा केंद्रों में ऊंची गुणवत्ता की व्यापक तथा परिवार के लिए अनुकूलनशील सेवाएँ एक्सेस कर सकते/ती हैं। आप एक ही स्थल से कई सेवाओं के साथ जुड़ सकते/ती हैं: डॉक्टर के लिए एपॉइंटमेंट्स, स्वास्थ्य आकलन, परिवार नियोजन, महिलाओं का स्वास्थ्य, लंबे समय तक चलने वाले रोग का प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल नियोजन, श्वसन क्लीनिक और त्वचा क्लीनिक जैसी विशेषज्ञ सेवाएँ, तथा टीकाकरण।

- ऑनलाइन बुकिंग करें
- बल्क बिलिंग उपलब्ध
- टेलीहेल्थ वीडियो और फोन एपॉइंटमेंट
- पुरुष और महिला डॉक्टरों के विकल्प

**dpvhealth.org.au/all-services/medical-services/** पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1300 234 263** पर कॉल करें और **विकल्प** 1 चुनें

---

## आपकी डेंटल सेवाएँ
## सामुदायिक, निजी और आपात डेंटल सेवाएँ

हमारी विशेषज्ञ डेंटल टीम पूरे परिवार के लिए ऊँची गुणवत्ता के उपचार के माध्यम से आपके दांतों को स्वस्थ रखने और मुँह में पैदा होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए समर्पित है। हम अत्याधुनिक तकनीकी और उपकरणों का उपयोग करके सार्वजनिक डेंटल, कम कीमत की निजी डेंटल और वयस्कों तथा बच्चों के लिए आपात डेंटल सेवा उपलब्ध कराते हैं।

आपके बच्चों को उनके स्थानीय स्कूल या किंडरगार्टन के माध्यम से हमारे स्कूल डेंटल प्रोग्राम, स्माइल स्क्वाड डेंटल प्रोग्राम और एर्ली चाइल्डहुड ओरल हेल्थ प्रोग्राम के लिए एक्सेस मिल सकती है।

**dpvhealth.org.au/all-services/dental-services/** पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1300 234 263** पर कॉल करें और **विकल्प** 2 चुनें




# आपका मानसिक स्वास्थ्य
## गोपनीय और प्रेमपूर्ण समर्थन

तनाव, अवसाद, चिंता, हानि और दुःख, पारिवारिक या घरेलू हिंसा, रिश्ते, आघात, व और भी अधिक विषयों के बारे में समर्थन प्राप्त करें। कुशलता-प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ताओं, मनोवैज्ञानिकों, पेशेवर थेरेपिस्टों, जीवंत अनुभव-प्राप्त कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों और मानसिक स्वास्थ्य नर्सों की हमारी टीम मदद करने के लिए यहाँ मौजूद है।

सेवाओं में शामिल हैं:

- **थेरेपी** — आपके मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले जीवन संघर्षों के प्रबंधन में आपके लिए समर्थन, जिसे गहन रूप से या लंबे समय तक उपलब्ध कराया जाता है
- **देखभाल समन्वय** — आपकी आवश्यकतानुसार सेवाओं को समझने-बूझने में सहायता। थोड़े समय के लिए उपलब्ध
- **समूह** — संताप, भावनाओं, व्यक्तिगत संबंधों के प्रबंधन, अपनी सोच और व्यवहार को बदलने में आपकी कुशलताओं को बेहतर बनाने में आपके लिए सहायता
- **मनोचिकित्सा** — हमारे निजी मनोचिकित्सक सीमित आधार पर लोगों को देखते हैं। डॉक्टर द्वारा रेफरल आवश्यक है।

DPV Health मेल्बर्न के उत्तर में स्थित एक **हेड टू हेल्थ** केंद्र है।

हम पारिवारिक हिंसा का उपयोग करने वाले और पारिवारिक हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए अनेकानेक समर्थन और बहाली सेवाएँ व कार्यक्रम उपलब्ध कराते हैं।

सेवाओं में शामिल हैं:

- **पुरुष व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम** (Mens' Behaviour Change Program) — 20-सप्ताहों का समर्थनकारी समूह कार्यक्रम, जो आपको अकेलेपन की भावनाओं तथा पारिवारिक हिंसा के कारणों व प्रभाव को समझने में और अपने व्यवहार में परिवर्तन करने में सहायता देता है, ताकि आप अपने जीवनसाथी/पूर्वसाथी और बच्चों के साथ बेहतर संबंध बना सकें।
- **पुरुष मामला प्रबंधन सेवा** (Mens' Case Management Service) — व्यावहारिक और भावनात्मक समर्थन उपलब्ध कराती है। अन्य सेवाओं के लिए योजना और रेफरल में सहायता देती है।
- **पारिवारिक समर्थनकर्मी** (Family Support Workers) — ऐसी महिलाओं और बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों को समर्थन प्रदान करता है, जो हमारे पुरुष व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम में भाग लेने वाले पुरुषों के व्यवहार से प्रभावित हुए हैं। सेवाओं में शैक्षिक और थेराप्युटिक परामर्श, समर्थन, सलाह और अन्य सेवाओं के लिए रेफरल शामिल हैं।
- **Orange Door** — व्यक्तिगत रूप से या फोन के माध्यम से अनेकानेक पारिवारिक हिंसा व पारिवारिक सेवाओं की सुलभता प्रदान करता है। रेफरल की आवश्यकता नहीं है। उच्च प्रशिक्षण-प्राप्त कर्मी पारिवारिक हिंसा का उत्तर देते हैं और परिवार को उनकी सकुशलता के लिए समर्थन प्रदान करते हैं। Orange Door स्थलों में DPV Health पुरुषों के लिए विशेषज्ञ है।

**dpvhealth.org.au/all-services/mental-health/** पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें
एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1300 234 263** पर कॉल करें और **विकल्प 4** चुनें

# आपका शारीरिक स्वास्थ्य

## स्वस्थ और सक्रियात्मक जीवनशैली के लिए समर्थन

हमारे प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर आपकी पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं या स्वस्थ जीवन बनाए रखने के प्रयासों में समर्थन देने के उद्देश्य से आपको कई समस्याओं और बीमारियों के लिए आकलन, शिक्षा व उपचार प्रदान कर सकते हैं।

सेवाओं में शामिल हैं:

- **ऑडियोलॉजी** — सुनने की क्षमता और संतुलन के विकारों का आकलन, उपचार और रोकथाम
- **व्यायाम फिजियोलॉजी** — शारीरिक नुकसान के लिए व्यायाम और शिक्षा के माध्यम से बहाली, लंबे समय तक चलने वाली बीमारी या विकलांगता की रोकथाम और प्रबंधन
- **पोषण और आहार-विज्ञान** — विशेष स्वास्थ्य समस्याओं और सकुशलता के प्रबंधन में सहायता के लिए पोषण-संबंधी जानकारी, आकलन और समर्थन
- **पेशेवर थेरपी** — अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में स्वतंत्रता बनाए रखने या बहाली के लिए समर्थन, जैसे शावर लेना और कपड़े पहनना, कुर्सियों/बिस्तरों पर चढ़ना या उतरना, खाना पकाना, और अपने घर तथा समुदाय में सुरक्षित रूप से इधर-उधर आना-जाना
- **फिज़ियोथेरेपी** — आपकी शारीरिक गतिविधि, संतुलन, दर्द, कार्यक्षमता और बहाली को प्रभावित करने वाली समस्याओं और शारीरिक नुकसानों का निदान व प्रबंधन
- **पोडियाट्री** — पैरों और निचले अंगों में समस्याओं की रोकथाम, आकलन और उपचार
- **स्पीच पैथोलॉजी** — संचार-संबंधी अक्षमताओं का आकलन, उपचार व प्रबंधन, और यदि आपको निगलने में परेशानी हो, तो इसके लिए समर्थन

dpvhealth.org.au/all-services/physical-health/ पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए 1300 234 263 पर कॉल करें और **विकल्प** 4 चुनें





## आपके बच्चे और युवा
## परिवार-केंद्रित दृष्टिकोण

चाहे आप एक माता/पिता, देखभालकर्ता या फिर शिक्षक हों, हम हरेक बच्चे/बच्ची की व्यक्तिगत स्थिति और आवश्यकताओं के आधार पर अनुकूलित व स्थानीय रूप से उपयुक्त शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराते हैं। आपके परिवार को अनेकानेक बाल चिकित्सा सेवाओं, आरंभिक बचपन हस्तक्षेप, और मनोविज्ञान व परामर्श सेवाओं के साथ समर्थन दिया जाता है।

हमारे आउटरीच कार्यक्रमों का ध्यान आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्वास्थ्य, कल्याण और शैक्षणिक समावेश पर केंद्रित है, जैसे ईसीआईएस (ECIS), स्कूल के लिए तैयार (School Readiness) और डेंटल व स्पीच थेरेपी सेवाएँ।

**dpvhealth.org.au/all-services/child-youth-services/** पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1300 234 263** पर कॉल करें और **विकल्प 4** का चयन करें

---

## आपका 65+ स्वास्थ्य
## स्वस्थ आयुर्वृद्धि के साथ स्वतंत्र बने रहें

यदि आपकी आयु 65 वर्ष से अधिक है, तो हमारे सामाजिक समर्थन कार्यक्रम आपको स्वतंत्र और अपने समुदाय के साथ संलग्न बने रहने में सहायता देते हैं। लंबे समय तक चलने वाली समस्याओं के आरंभिक निदान और प्रबंधन में समर्थन से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने तक - आप चिकित्सा और सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं, ज़मीन पर गिरने से बचने और हाथों की थेरेपी के कार्यक्रमों, व्हीलचेयर और जटिल तरीके से बैठने के क्लिनिक और दर्द के साथ अच्छी तरह से जीवन जीना कार्यक्रम को एक्सेस कर सकते/ती हैं।

**dpvhealth.org.au/all-services/65-health/** पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1300 234 263** पर कॉल करें और **विकल्प 4** चुनें







# आपकी विकलांगता सेवाएँ
## ऊँची गुणवत्ता की व्यक्ति-केंद्रित देखभाल

आप हमारे NDIS विकलांगता कार्यक्रमों को एक्सेस कर सकते/ती हैं, जिसमें समर्थन समन्वय और आरंभिक बचपन आकलन तथा हस्तक्षेप शामिल हैं। हमारी NDIS सेवा स्थल पर और समुदाय में सामूहिक समर्थन कार्यक्रम उपलब्ध कराती है, जिन्हें आपकी आवश्यकताओं को घर पर, शैक्षिक और कार्यस्थल परिवेशों में, सामाजिक समूहों में और व्यापक समुदाय के अंदर पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यदि आप विकलांगता के साथ जीवन जी रहे/ही हैं, तो आपको अनेकानेक "दिन-प्रतिदिन" के सामाजिक समर्थन कार्यक्रमों और दो 24/7 आवासीय समर्थन-प्राप्त निवास केंद्रों की एक्सेस प्राप्त होगी।

dpvhealth.org.au/all-services/ndis-disability/ पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए 1300 234 263 पर कॉल करें और **विकल्प** 3 चुनें

---

# आपका समुदायिक समर्थन
## सेवाओं की समान सुलभता

'स्वास्थ्य समानता' का अर्थ है कि हर किसी के पास स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं की सुलभता के समान अवसर हैं। हमारे सामुदायिक समर्थन कार्यक्रम सभी के लिए स्वागतमय और सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित स्थान निर्मित करते हैं।

अनुरूपित कार्यक्रमों में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों, शरणार्थियों और शरण-साधकों, एलजीबीटीआईक्यू+ लोगों, महिलाओं और पारिवारिक हिंसा के पीड़ित उत्तरजीवियों तथा बेघर होने के खतरे या इसका अनुभव करने वाले लोगों के लिए सेवाएँ शामिल हैं।

dpvhealth.org.au/all-services/community-support/ पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए 1300 234 263 पर कॉल करें और **विकल्प** 4 चुनें





# अपने समुदाय के स्वास्थ्य के समर्थन में शामिल हों



DPV Health समुदाय की आवाजों को सुनने, सशक्त बनाने और उनके साथ संलग्न होने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपका फीडबैक हमें सेवाओं के नियोजन, डिज़ाइन, वितरण, आकलन और प्रशासन के दौरान आपके समुदाय के अनुरूप सही सेवाएँ प्रदान करने में सहायता देता है। इस फीडबैक में पूर्व या वर्तमान के जीवंत अनुभव वाले लोगों की विशेषज्ञ आवाजें शामिल हैं।

आप DPV Health के साथ एक उपभोक्ता प्रतिनिधि, सामुदायिक कनेक्टर, स्वयंसेवक, सदस्य या विद्यार्थी प्लेसमेंट के रूप में शामिल हो सकते/ती हैं। हम सभी लोगों की आवाजों का स्वागत करते हैं और अलग-अलग समुदायों के सेवार्थियों व सामुदायिक सदस्यों को आमंत्रित करते हैं — जिसमें सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण समुदायों, एलजीबीटीआईक्यू समुदायों, आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदायों के लोग और विकलांगता-ग्रस्त लोग शामिल हैं।

आप इसमें कैसे शामिल हो सकते/ती हैं, इसके बारे में **dpvhealth.org.au/community-engagement-program/** पर पता करें।

# हम आपकी आवाज को महत्व देते हैं

## हमें बताएँ कि आप क्या सोचते/ती हैं

प्रशंसा करें, शिकायत करें, या हमें सुझाव दें। हम आपको बेहतर सेवाएँ देने और अपनी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए आपकी ओर से सुनना चाहते हैं।



## फीडबैक कैसे दें

**वेबसाइट**
**dpvhealth.org.au** पर उपलब्ध फीडबैक पेज पर जाएँ

**व्यक्तिगत रूप से**
DPV Health के कर्मी से सीधे बात करें

**फीडबैक फॉर्म**
फॉर्म भरें और DPV Health स्थल में उपलब्ध सुरक्षित फीडबैक डिब्बे में जमा करें

**स्कैन**
हमारे ऑनलाइन फीडबैक पोर्टल के माध्यम से फीडबैक देने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

1300 234 263 | dpvhealth.org.au | info@dpvhealth.org.au



DPV Health®

Your Healthcare
Your Way

DPV Health संस्करण 1 के बारे में, 29/11/2022 को अपडेट किया गया